06jan -JANJ bhoomi PG-01_Layout 1 1/6/2026 10:57 PM Page 1


तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 14. 0 डिग्री

# हरिभूमि जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 7 जनवरी 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती


राज्य स्तरीय यूसीमास कॉम्पिटिशन के ज़ेड-3 कैटेगरी में योगिता को मिली 'चैंपियन ट्रॉफी'

4



## खबर संक्षेप

### अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पटेल ने संभाला पदभार



**सक्ती।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल ने मंगलवार 6 जनवरी को कोरिया से स्थानांतरण होने पर सक्ती जिले में अपनी ज्वाईनिंग देकर पदभार संभाला। इस दौरान उन्होंने पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर से सौजन्य भेंट की। पुलिस अधीक्षक द्वारा उनको जिले की भौगौलिक राजनैतिक एवं सामाजिक व अपराधिक गतिविधियो के संबंध में जानकारी दी। पकंज पटेल इसके पूर्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के रूप में बेमेतरा, मुंगेली एवं कोरिया में अपनी सेवाएं दे चुके है। मूलतः रायगढ़ निवासी पंकज पटेल एसडीओपी के रूप में नारायणपुर एवं कटघोरा जिला कोरबा में पदस्थ रहे है तथा अपने व्यवहार एवं सूझबूझ से विभिन्न अवसरों पर पूर्व में पदस्थ जिलो मे कानून व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण में सफल रहे हैं। पंकज पटेल की ज्वाईनिंग के समय रक्षित निरीक्षक उमेश कुमार राय, निरीक्षक प्रभारी स्टेनो वाय.एन.शर्मा एवं कार्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित था।

### बिर्रा में माता परमेश्वरी यज्ञ महापुराण आज से

**बिर्रा।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत सबसे बड़े ग्राम पंचायत बिर्रा के देवांगन धर्मशाला में 7 जनवरी बुधवार को दोपहर 2 बजे से संगीतमय माता परमेश्वरी यज्ञ महापुराण कथा का शुभारंभ जल भरण ,कलश यात्रा, शोभा यात्रा के साथ माता परमेश्वरी मूर्ति की स्थापना से किया जाएगा। इस संबंध में देवांगन समाज बिर्रा के सदस्य एवं प्रकाश बर्तन भंडार के संचालक नरेश कुमार देवांगन ने बताया कि माता परमेश्वरी यज्ञ महापुराण कथा का शुभारंभ 7 जनवरी दिन बुधवार को शुभारंभ किया जाएगा। जिसमें प्रत्येक दिन शाम को 7 बजे महाआरती होगा और रात्रि 8 बजे के बाद महा भंडारा का कार्यक्रम प्रत्येक दिवस होगा। व्यास आचार्य एवं सुप्रसिद्ध कथा वाचक किशन राव महाराज चांपा वाले होंगे। इस कार्यक्रम का समापन 14 जनवरी बुधवार को समापन किया जाएगा। देवांगन समाज बिर्रा के पदाधिकारीयों के द्वारा आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है।

### 8 ड्रम में रखे महुआ लहान को मौके पर कराया नष्ट

**नवागढ़।** ग्राम कटौद में नवागढ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 300 लीटर अवैध कच्ची शराब को बरामद करने के साथ 8 ड्रम में रखे महुआ लहान को मौके पर नष्ट करने की कार्रवाई की गई। जिले में अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लाने के लिए जिला पुलिस जांजगीर द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना नवागढ़ पुलिस द्वारा ग्राम कटोद में लावारिश हालत में 300 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब बरामद एवं अलग अलग 8 ट्रम में भरा महुआ लहान मिलने पर मौके पर ही नष्ट किया गया एवं शराब बनाने का बर्तन को जप्त किया गया है।

## समिति से तहसील व कलेक्टोरेट तक भटक रहे किसान

# रकबा व फसल विवरण संशोधन के लिए सिर्फ आज का समय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



समर्थन मूल्य पर हो रही धान खरीदी की अंतिम तिथि में अब गिनती के दिन ही शेष रह गए है। वहीं रकबा संशोधन और फसल विवरण संशोधन को लेकर किसानों की परेशानी कही कम नहीं हो रही है। खास बात यह है कि खरीदी के दौरान अभी बीते दिनों तीसरी मर्तबा खोले गए पोर्टल में संशोधन कराने की अंतिम तिथि 7 जनवरी निर्धारित है। ऐसे में इस तिथि तक संशोधन नहीं होने की स्थिति में संबंधित किसान धान बेचने से वंचित हो सकते है।

गौरतलब है कि समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को इस बार शुरू से परेशानी का सामना करना पड रहा है। पहले एग्रीस्टेक, फिर कैरी फारवर्ड इसके बाद रही सही कसर आनलाइन गिरदावरी ने पूरी कर दी। किसानों का जहां पूरा रकबा एग्रीस्टेक में दर्ज नहीं हो पाया था, तो इसके बाद बहुत लोगों का रकबा कैरी फारवर्ड नही हुआ। इन दोनों के बाद किसान जब समिति में टोकन कटवाने पहुंचे तो उन्हें आनलाइन गिरदावरी में रकबा कटौती की जानकारी मिली। धान की जगह कईयों की गिरदावरी में दलहन तिलहन की फसल दर्ज हुआ था। इन सबके संशोधन के लिए किसान परेशान होते रहे। इसको लेकर शासन के निर्देश में अभी 5 जनवरी से पोर्टल खोला गया था। पोर्टल खुलते ही संशोधन कराने वाले किसानों की भीड़ समिति और तहसील से लेकर कलेक्टोरेट तक जा पहुंची। खास बात यह है कि संशोधन के लिए खोले गए पोर्टल 7 जनवरी को बंद हो जाएगा। ऐसे में अंतिम तिथि के पहले दिन भी बड़ी संख्या में किसानों की भीड़ समिति और तहसील से लेकर कलेक्टोरेट तक नजर आई।

### पटवारियों द्वारा किए गए भौतिक सत्यापन उपरांत विवरण संशोधन का प्रावधान

**सक्ती।** कृषकों के समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए 15 दिसम्बर तक कैरीफारवर्ड, डूबान व वनपट्टाधारी कृषकों के पंजीयन का प्रावधान समस्त समितियों के लॉगीन में किया गया था, किन्तु अतिरिक्त समय के उपरांत भी एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन संशोधन हेतु कृषकों द्वारा आवेदन किया जा रहा है। जिले के समस्त किसानों को सूचित किया जाता है कि राजस्व विभाग के अधिकारीयों व पटवारियों द्वारा किये गए भौतिक सत्यापन उपरान्त विवरण संसोधन का प्रावधान 7 जनवरी तक समस्त समितियों में समिति लॉगिन किया जा रहा है। सम्बंधित कृषक 7 जनवरी 2026 से पूर्व अपने से संबंधित सेवा सहकारी समितियों में जाकर आवश्यक सुधार कराने की बात कही गई है। इधर अंतिम तिथि के पहले दिन अपनी विभिन्न प्रकार की समस्याओं को लेकर समिति से लेकर कलेक्टोरेट तक संशोधन कराने नजर आए।

### करा सकते है संशोधन

रकबा व फसल विवरण संशोधन के लिए 1 जनवरी से पोर्टल खुला है। अंतिम तिथि 7 जनवरी निर्धारित है। यदि किसी के रकबे व फसल विवरण में त्रुटि है तो संशोधन हो सकता है। पोर्टल बंद होने के बाद संशोधन नहीं हो सकता।

**-विनय पटेल,**
अधीक्षक, भू अभिलेख

# स्कूल बस को पिकअप ने मारी टक्कर, 4 घायल

## फोरलेन चौक तरौद के पास सुबह की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



तेज रफ्तार पिकअप के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए स्कूल वेन को ठोकर मार दी। घटना में स्कूल वैन अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। घटना में वाहन में सवार 4 बच्चे घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए अकलतरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। वहीं उपचार के बाद बच्चों को छुट्टी कर दी गई।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम तरौद एवं किरारी क्षेत्र से विद्यार्थियों को सेंट जेवियर्स स्कूल अकलतरा ले जा रही मारुति ईको वाहन को मंगलवार 6 जनवरी की सुबह लगभग 8 बजे फोरलेन चौक तरौद के पास तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मारुति ईको अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। हादसे में वाहन में सवार चार विद्यार्थियों को चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही वार्ड क्रमांक 20 के पार्षद राजकुमार सिंह मौके पर पहुंचे और अपनी निजी कार से दो घायल विद्यार्थियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकलतरा पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने विद्यार्थियों को छुट्टी दे दी। वहीं अन्य घायल विद्यार्थियों को उनके अभिभावक घटनास्थल से अपने-अपने घर ले गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर के बाद मारुति ईको के एयरबैग खुल जाने के कारण विद्यार्थियों को गंभीर चोटें नहीं आईं, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। घटना के बाद क्षेत्र में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल रहा।फिलहाल मामले की जानकारी संबंधित थाने को दे दी गई है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

# अधिवक्ता से फोन पे पर मांगी रिश्वत, आरक्षक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा




महिला अधिवक्ता से फोन पे के माध्यम से रिश्वत मांगने के मामले में आरक्षक को पुलिस अधीक्षक ने तत्काल प्रभाव से निलंबत कर दिया। मामला चांपा थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार महिला अधिवक्ता ने शिकायत दर्ज कराई कि न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी चांपा में कार्यरत कोर्ट मोहर्रिर आरक्षक रंजीत कुमार अनंत द्वारा फोन पे के माध्यम से मंगलवार 6 जनवरी महिला वकील से फोन पे पर 1 हजार की रिश्वत लेना आरक्षक रंजीत कुमार अनंत को भारी पड़ गया। शिकायत के बाद पुलिस अधीक्षक विजय पांडेय ने आरक्षक रंजीत अनंत को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर लाईन अटैच कर दिया है। आवेदिका प्रियंका अधिवक्ता द्वारा न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी चांपा में कार्यरत कोर्ट मोहर्रिर आरक्षक रंजीत कुमार अनंत के विरुद्ध तीन हजार रूपये की रिश्वत मांगने, फोन पे के माध्यम से 1 हजार रुपये लेने एवं दुर्व्यवहार करने संबंधी गंभीर शिकायत पत्र प्रस्तुत किया। आरक्षक रंजीत कुमार अनंत को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर रक्षित केन्द्र जांजगीर चांपा संबद्ध किया गया। निलंबन की अवधि में आरक्षक को नियमानुसार निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

# महिला से मारपीट व तोड़फोड़ के मामले में आरोपी गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

महिला से मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला पुलिस सहायता केन्द्र कोटमीसोनार अंतर्गत ग्राम पोडीदल्हा का है।

इस संबंध में अकलतरा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 31 अक्टूबर 2025 को दोपहर लगभग 2 बजे आरोपी अजीत कुमार टंडन पिता स्व. बिहारी लाल टंडन निवासी पोड़ीदलहा थाना अकलतरा द्वारा शराब पीने के लिए अपनी ही बहन से पैसों की मांग की गई। पैसे नहीं देने पर आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए बहन के साथ मारपीट की तथा घर में रखे टीवी, बिजली बोर्ड एवं टेबल फैन में तोड़फोड़ की। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देश पर कोटमीसोनार पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई। एएसआई राजेंद्र सिंह क्षत्रिय, प्रभारी पुलिस सहायता केंद्र कोटमीसोनार के नेतृत्व में आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जहां आरोपी द्वारा अपराध स्वीकार किए जाने पर उसे गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 351(2), 333(1), 119(1) एवं 324 के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। कार्रवाई में एएसआई राजेंद्र सिंह क्षत्रिय, प्रधान आरक्षक अनिल हंसराज एवं आरक्षक विजय कुमार राठौर का योगदान रहा।

### 32 पाव देशी शराब के साथ पुलिस ने आरोपी को पकड़ा

**देवरी-सारागांव।** अवैध देशी प्लेन शराब के साथ पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। मामला सारागांव थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जिले में अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लाने के लिए जिला पुलिस जांजगीर द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना सारागांव पुलिस द्वारा अवैध शराब बिक्री करने वाले के विरुद्ध रेड कार्यवाही कर आरोपी राम यादव उर्फ बड़कू को घेराबंदी कर पकड़ा जिसके कब्जे से 32 पाव देशी प्लेन शराब कीमती 3260 बरामद किया जाकर आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक- राकेश कुमार सूर्यवंशी थाना प्रभारी सारागांव, प्रधान आरक्षक रेमन राजपूत, अर्जुन जांगड़े, आरक्षक गोवर्धन टाइगर, जयकिशन का विशेष योगदान रहा।








## खरीदी पोर्टल में कम जमीन दर्ज बनी समस्या

# जमीन होने के बावजूद धान नहीं बेच पा रही महिला, लगाई फरियाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा



संशोधन कार्य कराने पहुंची महिला।

खुद की जमीन होने के बावजूद महिला अपनी धान नहीं बेच पा रही है। इस समस्या को लेकर उन्होंने अधिकारियों से फरियाद लगाई है। मामला मालखरौदा क्षेत्र के ग्राम आमनदुला का है।

मिली जानकारी के अनुसार तहसील अंतर्गत ग्राम आमनदुला की रहने वाली आदिवासी महिला श्रीमती राधिका सीदार जिनके पति स्वः संतोष सिदार की मौत 3 अगस्त को हो गई थी। पति के मृत्यु के बाद बेबस आदिवासी महिला पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा है। जिनके नाम लगभग 8 एकड़ कृषि भूमि है जिसमें मात्र डेढ़ एकड़ जमीन धान खरीदी पोर्टल में दर्ज है और बाकी जमीन में धान नहीं बेच सकती और उसी जमीन के आधार पर पति के जीते जी एक लाख का कर्जा संबंधित जिला सहकारी बैंक से लिया गया है, ताकि धान बेचने के बाद उक्त कर्ज को चुकाया जा सके, लेकिन विडंबना यह है कि उक्त महिला के पति के नाम पर 8 एकड़ जमीन तो है, लेकिन इनमें से महज डेढ़ एकड़ जमीन ही धान खरीदी पोर्टल में दर्ज बताया जा रहा है। ऐसे में महिला के सामने बड़ी समस्या खड़ी हो गई है। महिला के द्वारा बड़े पैमाने पर धान की पैदावार तो कर ली गई है लेकिन धान खरीदी पोर्टल में महज डेढ़ एकड़ जमीन बताने की वजह से महिला अपनी धान संबंधित खरीदी केन्द्र में नहीं बेच पा रही है। इस समस्या को लेकर उन्होंने विभाग के अधिकारी सहित अन्य उच्च अधिकारियों को अवगत कराते हुए धान बिक्री में सहयोग करने की मांग की है।

## खबर संक्षेप



### यातायात नियमों को लेकर चलाया गया अभियान

**कोरबा।** रजत जयंती समारोह के उपलक्ष्य में महिला सुरक्षा से जुड़े कानूनों, मानव तस्करी (ह्यूमन ट्रैफिकिंग) की रोकथाम एवं यातायात सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। इस संयुक्त अभियान में चौकी प्रभारी सीएसईबी भीमसेन, यातायात सहायक उप निरीक्षक मनोज राठौर, पुलिस चौकी मानिकपुर से सहायक उप निरीक्षक कुलदीप तिवारी, महिला थाना प्रभारी भावना खंडारे, साइबर टीम सहित अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों द्वारा आम नागरिकों को महिला सुरक्षा कानूनों की जानकारी दी गई, मानव तस्करी से बचाव के उपाय समझाए गए तथा सुरक्षित यातायात के नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया। साथ ही साइबर अपराधों से बचने के तरीकों पर भी विस्तार से जानकारी दी गई। इस अभियान का उद्देश्य समाज में जागरूकता बढ़ाना एवं लोगों को सुरक्षित, सतर्क और कानून के प्रति सजग बनाना रहा, जिसे उपस्थित नागरिकों ने सराहा।

### कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का हुआ शुभारंभ



**कोरबा।** जिले के ग्राम गंगानगर में धार्मिक और आध्यात्मिक वातावरण को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन ग्राम निवासी पंचराम राठौर के निवास स्थान पर संपन्न होगा, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में भाग लेंगे। कथा का शुभारंभ पारंपरिक विधि-विधान और भव्य कलश यात्रा के साथ किया जाएगा, जो पूरे ग्राम गंगानगर में निकाली जाएगी। इस सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा में बाहनपाठ, रलिया से पधारे कथा वाचक प्रणव महाराज द्वारा श्रद्धालुओं को कथा रसपान कराया जाएगा। कथा के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का भावपूर्ण वर्णन किया जाएगा। आयोजन समिति के अनुसार, कथा प्रतिदिन निर्धारित समय पर होगी, जिसमें आसपास के गांवों से भी श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। कथा प्रारंभ के अवसर पर निकाली जाने वाली कलश यात्रा में महिलाएं पारंपरिक परिधान में सिर पर कलश धारण कर चलेंगी, वहीं पुरुष श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए यात्रा में शामिल होंगे। कलश यात्रा ग्राम के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी, जिससे पूरा गंगानगर भक्तिमय माहौल में रंग जाएगा। आयोजन स्थल को आकर्षक रूप से सजाया जा रहा है, वहीं ध्वनि, प्रकाश और बैठने की समुचित व्यवस्था भी की गई है।

### इंटक के नेताओं ने एनटीपीसी परियोजना प्रमुख से की चर्चा



**कोरबा।** एनटीपीसी कोरबा इंटक के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने परियोजना प्रमुख बिभास घटक से मुलाकात कर श्रमिक हित से जुड़े कुछ आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा करते हुए ध्यानाकर्षित किया गया। एनटीपीसी कोरबा इंटक के जनरल सेक्रेटरी एनके तिवारी, इंटक कोरबा के डिप्टी जनरल सेक्रेटरी जेपी पांडे और वर्किंग प्रेसिडेंट इंटक गौरव झा ने यूनियन के सम्मानित सदस्यों के साथ इस अवसर पर एनटीपीसी कोरबा के परियोजना प्रमुख बिभास घटक (एच केओपी कोरबा) और मानव संसाधन प्रमुख को नूतन वर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित की। बैठक के दौरान कुछ जरूरी मुद्दों और लंबित अपेक्षाओं पर भी चर्चा की गई।

### मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन, दावा-आपत्ति आमंत्रित

**कोरबा।** भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़, रायपुर के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत अर्हता तिथि 1 जनवरी हेतु फोटोयुक्त मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 23 दिसम्बर को कर दिया गया है। इस संबंध में जिले के विधानसभा रामपुर एवं कटघोरा के ईआरओ द्वारा राजनैतिक दलों की बैठक लेकर जानकारी दी गई। मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन के उपरांत 23 दिसम्बर से 22 जनवरी तक नाम जोड़ने, विलोपन एवं संशोधन हेतु दावा-आपत्तियाँ आमंत्रित की जा रही हैं। प्राप्त दावों का निराकरण 14 फरवरी तक किया जाएगा। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 21 फरवरी को किया जाएगा। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फोटोयुक्त निर्वाचन नामावलियों के प्रारंभिक प्रकाशन के उपरांत प्राप्त साप्ताहिक दावा-आपत्ति की जानकारी सर्वसामान्य के लिए जिले की आधिकारिक वेबसाईट पर उपलब्ध कराई जा रही है।

# कार्य में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों का अनुबंध निरस्त कर करें ब्लैक लिस्ट

## कलेक्टर ने ली निर्माण विभागों की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

कलेक्टर कुणाल दुदावत कलेक्टोरेट सभाकक्ष में विभिन्न निर्माण विभागों की बैठक लेकर प्रगतिरत निर्माण कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने सभी निर्माणाधीन कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण कराने हेतु सभी निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही निर्माण कार्यों के गुणवत्ता पर किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने की सख्त हिदायत दी। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग, सेतु, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना सहित अन्य निर्माण विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने राष्ट्रीय राजमार्ग में प्रगतिरत निर्माण व मरम्मत कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए तेजी से प्रगति लाने एवं निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग अंतर्गत निर्माण किये जा रहे अनेक सड़क, स्कूल भवन, कॉलेज भवन सहित अन्य प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्य में गंभीरता से तेजी लाने एवं समयावधि में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाओं की विस्तार हेतु किए जा रहे निर्माण कार्य को प्राथमिकता से पूरा कराने के लिए कहा। कॉलेज व विद्यालय भवन के कार्य को अगले शैक्षणिक सत्र प्रारम्भ होने से पहले पूर्ण कराने निर्देशित किया। कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग को अप्रारंभ एवं निविदा स्तर के कार्यों में भी शीघ्रता से कार्यवाही पूर्ण करते हुए कार्य प्रारंभ कराने की बात कही। साथ ही प्रगतिरत सभी कार्यों में मैन पावर बढ़ाकर कार्य मे तेजी लाने निर्देश दिये। उन्होंने जिले के दूरस्थ क्षेत्र लैंगा में स्वीकृत सड़क निर्माण कार्य में गति लाने के लिए निर्माण स्थल के समीप वीटी प्लांट स्थापित करने निर्देशित किया। श्री दुदावत ने बंजारी महाविद्यालय के लंबित कॉलेज भवन, छात्रावास के निर्माण कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करने एवं मुख्य मार्ग से कॉलेज तक एप्रोच रोड व बाउंड्री वाल निर्माण हेतु डीएमएफ से प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।





## करतला थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गनियारी का मामला

# पड़ोसी की पत्नी से बात करना पड़ा महंगा पति ने कुल्हाड़ी से वार कर उतारा मौत के घाट



घटनास्थल की जांच करती पुलिस की टीम।



पकड़ा गया आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पत्नी से बात करने पर पति ने पड़ोसी को कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार कर मौत के घाट उतार दिया। पड़ोसी का आरोपी के घर आना-जाना था। वह आरोपी की पत्नी से बातचीत और हंसी-मजाक करता था। इस बात से नाराज होकर उसने पड़ोसी की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है।

करतला थाना क्षेत्र के ग्राम गनियारी में नंदकुमार पटेल (39 वर्ष) पत्नी और दो बच्चे के साथ निवासरत है। जिसका अपने पड़ोसी जय कंवर के घर आना-जाना था। बताया जा रहा है कि नंदकुमार पटेल वह जय कंवर की पत्नी से बातचीत और हंसी-मजाक करता था लेकिन यह बात जयकंवर को पसंद नहीं थी। सोमवार की सुबह ग्रामीणों ने नंदकुमार पटेल का खून से सना शव देखा। लाश उसके घर से कुछ दूरी पर पड़ोसी जयकंवर के घर के पास बाड़ी में पड़ी हुई थी। नंदकुमार के चेहरे और सिर पर गहरे जख्म थे, जिससे साफ पता चलता है कि उसके साथ बेरहमी से मारपीट की गई थी। इसके बाद ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही करतला थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया और मामले की जांच शुरू कर दी गई। हत्या की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम को भी मौके पर बुलाया। जांच के दौरान स्निफर डॉग बाघा घटनास्थल से सीधे पड़ोसी जयकंवर के घर पहुंच गया। इससे पुलिस को उस पर शक हुआ और उससे पूछताछ शुरू की गई। रविवार की रात जब जय कंवर घर लौटा तो उसने पत्नी और नंदकुमार को हंसी-मजाक करते और बातचीत करते देखा। यह बात उसे बुरी लगी और इसी बात को लेकर नंदकुमार पटेल से उसका विवाद हो गया। जयकंवर पड़ोसी नंदकुमार को घर के पास स्थित बाड़ी में ले गया। दोनों के बीच विवाद इतना बढ़ा कि देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। इस दौरान जय कंवर ने नंदकुमार पटेल की पिटाई शुरु कर दी ।



मृतक

### मृतक का जूता मुंह में दबाए बाघा हत्यारे के घर पहुंचा

मामले की जांच के लिए डॉग स्क्वाड, फोरेंसिक टीम और साइबर सेल की विशेष इकाई को बुलाया गया था। डॉग बाघा ने ट्रैकर के साथ घटनास्थल पहुंचकर मृतक नंदकुमार पटेल के आसपास से आरोपी का सुराग तलाशा। मौके पर मृतक का लोवर और जूता पड़ा हुआ था। बाघा ने मृतक का जूता मुंह में दबाया और वहां से सीधे करीब 200 मीटर दूर दौड़ते हुए जय कंवर के घर पहुंचा।

### आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

-सिद्धार्थ तिवारी, एसपी

# शासकीय निर्माण कार्य में अवरोध और कमीशन मांगने का आरोप, थाने में शिकायत



थाने पहुंचे ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाली

थाना पाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मादन में शासन द्वारा स्वीकृत शासकीय निर्माण कार्य के दौरान बार-बार अवरोध उत्पन्न किए जाने और मानसिक व आर्थिक प्रताड़ना का मामला सामने आया है।

इस संबंध में संबंधित सरपंच, उपसरपंच सहित पंच द्वारा थाना प्रभारी पाली को लिखित शिकायत सौंपकर कार्रवाई की मांग की गई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि अंशुल सिंह कंवर जनपद सदस्य, इतवार यादव पंच, छत्रपाल सिंह पैकरा किसान मित्र एवं गणेश टांडिया ग्रामीण द्वारा शासकीय निर्माण कार्य में जानबूझकर बाधा डाली जा रही है। साथ ही कार्य कराने के एवज में शासन से स्वीकृत राशि में से कमीशन की मांग किया जा रहा है। विरोध करने पर डराने-धमकाने की बात भी शिकायत में कही गई है। आवेदक के अनुसार, इस तरह की गतिविधियों से उसे मानसिक एवं आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि पूर्व में इतवार यादव पंच जेल जा चुका है। मामले की गंभीरता को देखते हुए शिकायतकर्ता ने आशंका जताई है कि यदि ग्राम पंचायत की महिला जनप्रतिनिधि सरपंच सविता पैकरा एवं उपसरपंच कावेरी पटेल को किसी भी प्रकार की क्षति होती है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी उक्त आरोपित व्यक्तियों की होगी।

# जनता यूनियन की सर्किल और पश्चिम जनरेशन शाखा का चुनाव सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन कोरबा शाखा के कोरबा वितरण सर्कल तथा कोरबा पश्चिम उत्पादन शाखा की कार्यकारिणी का पुनर्गठन चुनाव समिति द्वारा सर्वसम्मति से कोरबा जिले के सतरेंगा में सभा आयोजित कर पूर्ण किया गया। इस कार्यक्रम में बिलासपुर, रायगढ़, चाम्पा, जांजगीर, अंबिकापुर आदि स्थानों से पधारे प्रांतीय पदाधिकारी की उपस्थिति में चुनाव समिति ने संगठन की आदर्श नियमावली के तहत दोनों कार्यकारिणी का विधिवत चुनाव संपन्न कराया। पांच सदस्यीय चुनाव समिति में यूएस वर्मा (रायगढ़), एजे सिंह (बिलासपुर), अनिल द्विवेदी (कोरबा), एस ए सईद (बिलासपुर) एवं यूके श्रीवास्तव शामिल थे। जबकि निगरानी समिति सदस्य के रूप में प्रांतीय शाखा की ओर से सी के राठौर, टीपी गुप्ता, यतींद्र गुप्ता, उदय राठौर, ओमप्रकाश सूर्यवंशी, वेदराम निर्मलकर, रितेश नागेश, भीष्म सूर्यवंशी, डी एस दीक्षित, एल एन यादव, राजकुमार अग्रवाल को नियुक्त किया गया। इसके अलावा सर्वसम्मति से कोरबा सर्किल वितरण शाखा के लिए लक्ष्मी प्रसाद यादव सर्किल अध्यक्ष, घनश्याम गबेल सचिव, प्रकाश सिंह राठौर कोषाध्यक्ष, नीलाम्बर शर्मा उपाध्यक्ष, नासिर खान उपाध्यक्ष, पुष्पेंद्र सिंह बैस सह सचिव, कुशल सोनवानी सन्गठन सचिव, दिलेश्वर प्रजापति प्रचार सचिव मनोनीत किये गए। कोरबा पश्चिम जनरेशन शाखा का अध्यक्ष गेंदराम साहू, सचिव मुरलीधर सोनिकर और कोषाध्यक्ष जॉर्ज के थंकाचंद को नियुक्त किया गया है।

### सेजस मदनपुर में दी गई यातायात नियमों की जानकारी

**कटघोरा।** स्वामी आत्मानन्द विद्यालय के प्रांगण में यातायात विभाग कोरबा के द्वारा जनजागरूकता अंतर्गत सड़क सुरक्षा एवं नियमों की जानकारी में सहायक निरीक्षक रामनारायण रात्रे और ईश्वरी प्रसाद लहरे मुख्य वक्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ व्याख्याता पुष्पक साहू ने किया।व्याख्याता विनोद जायसवाल ने कार्यक्रम के उद्देश्य को समझाया। कुमुदिनी राम, कमलेश्वरी साहू, सितारा अग्रवाल ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। रामनारायण रात्रे ने बताया कि सड़क दुर्घटना से मृत्यु का प्रतिशत सबसे अधिक है। इतनी मौत तो वर्ष भर में नक्सली हमले से भी नही होती। अपनी सुरक्षा के लिए हेलमेट, सीट बेल्ट, नियंत्रित गति से वाहन चालन, नशे की स्थिति में वाहनों का प्रयोग न करने और ड्राइविंग के समय मोबाइल प्रयोग से दूर रहकर हम अपने और अन्य लोगो को आकस्मिक दुर्घटना से बचा सकते है।

### आध्यात्मिक ऊर्जा पार्क में नववर्ष स्नेह मिलन



**कोरबा।** प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी आध्यात्मिक उर्जा पार्क में नववर्ष के शुभ अवसर पर स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य नववर्ष का स्वागत आपसी प्रेम, सौहार्द और आत्मिक ऊर्जा के साथ करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ ईश्वरीय स्मृति, दीप प्रज्वलन एवं मधुर गीतों के साथ हुआ। इसके पश्चात सभी ने नववर्ष को सकारात्मक सोच, श्रेष्ठ संकल्प और आत्मिक उन्नति के साथ प्रारंभ करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर एसईसीएल बलगी एरिया सब एरिया मैनेजर मेश्राम ने कहा कि नववर्ष स्नेह मिलन जैसे कार्यक्रम समाज में आपसी भाईचारे और सकारात्मक सोच को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि आज के तनावपूर्ण जीवन में आध्यात्मिक ऊर्जा की अत्यंत आवश्यकता है, जिसे ब्रह्माकुमारी संस्था राजयोग ध्यान के माध्यम से सहज रूप से प्रदान कर रही है। उन्होंने आत्मिक ऊर्जा पार्क को शांति और प्रेरणा का केंद्र बताते हुए संस्था के सेवा कार्यों की सराहना की तथा सभी को नववर्ष में श्रेष्ठ विचार, श्रेष्ठ व्यवहार और श्रेष्ठ कर्म अपनाने का संदेश दिया।

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम खोखरा प.ह.नं 18 रा.नि.म सुकली तहसील जांजगीर में अवस्थित भूमि खसरा नं 37/1 रकबा 0.226 हैक्टे. एवं खसरा नं 37/7 रकबा 0.020 हैक्टे. कुल खसरा नं 2 रकबा 0.246 हैक्टे. जो विक्रेता / भूमिस्वामी संतोष कुमार रात्रे उम्र 39 साल पिता रामदास जाति सूर्यवंशी निवासी ग्राम खोखरा तहसील जांजगीर जिला जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.) के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज हैं, इस भूमि को मेरे पक्षकार क्रेता शक्ति अग्रवाल उम्र 41 साल पिता सुरेश कुमार अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी बी-4 शिवराम कालोनी अकलतरा रोड जांजगीर तहसील जांजगीर जिला जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.) एवं 2. अंकित अग्रवाल उम्र 37 साल पिता श्री हरिशंकर अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी शिवराम कालोनी अकलतरा रोड जांजगीर तहसील जांजगीर जिला जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.) के द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा तय कर अग्रिम बयाना राशि दे चुका हैं तथा निकट भविष्य में इस भूमि का विधिवत् उप पंजीयक कार्यालय जांजगीर में पंजीयन निष्पादित होना तय है, इस भूमि के खरीदी बिक्री बाबत् किसी भी व्यक्ति को या राष्ट्रीयकृत बैंको व वित्तीय संस्थानो या ग्राम पंचायत को या राजस्व विभाग को अथवा अन्य किसी को भी कोई भी किसी भी प्रकार का दावा, आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के एक सप्ताह के भीतर समस्त कागजात सहित दावा, आपत्ति मेरे कार्यालय में कर सकते है उसके बाद की गयी किसी भी प्रकार की कोई भी दावा, आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा एवं क्रेता भूमि का पंजीयन अपने पक्ष में करा लेगा।

सो, सूचना जाने ।

जाजंगीर,
दिनांक : 06/01/2025

भवदीय
बिनीत कुमार राठौर
नोटरी/अधिवक्ता जांजगीर,मो.नं. 9826743538

**न्यायालय तहसीलदार चांपा**
**जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**
क्र./254 / वा./तह./2026
चांपा, दिनांक 06.01.2026
रा.प्र.क. /ब-107/2025-26 ग्राम-चांपा

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामबल्लभ सोनी पिता स्व. श्री मयाराम सोनी निवासी ग्राम सोनार पारा वार्ड नं. 03 चांपा, तहसील चांपा, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.) के द्वारा साहूकारी लायसेंस प्रदान करने हेतु आवेदन, शपथ पत्र, आधार कार्ड, पेन कार्ड, चालान की प्रति के साथ पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वे दिनांक 20.01.2026 तक न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।
जारी दिनांक 06.01.2026
पेशी दिनांक 20.01.2026

तहसीलदार
चांपा

TOP IN JANJGIR





# द केरल स्टोरी के मेकर्स ने की नई फिल्म की घोषणा

**मुंबई।** साल 2023 में निर्माता विपुल शाह 'द केरल स्टोरी'लेकर आए थे। सच्ची घटनाओं से प्रेरित यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी। क्रिटिक्स ने भी फिल्म को सराहा था। अब मेकर्स एक बार फिर इसी तरह की कहानी लेकर आ रहे हैं। मेकर्स ने सोमवार को नई फिल्म की घोषणा कर दी है, जिसका नाम 'बियॉन्ड द केरल स्टोरी'है। हालांकि, इस फिल्म की स्टारकास्ट और डायरेक्टर पूरी तरह से अलग और नए हैं। सनशाइन पिक्चर्स और विपुल अमृतलाल शाह द्वारा निर्मित इस फिल्म को कामाख्या नारायण सिंह निर्देशित करेंगे। मेकर्स द्वारा जारी किए गए वीडियो में अभी कोई सीन या कोई कलाकार नजर नहीं आया है।

लाइफ Style

# कल्याणी

## बॉलीवुड में करने जा रहीं डेब्यू

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'लोका चैप्टर 1' से सुर्खियां बटोरने वाली कल्याणी प्रियदर्शन के अब बॉलीवुड में डेब्यू करने की चर्चाएं हैं। कल्याणी रणवीर सिंह के साथ बॉलीवुड में कदम रख सकती हैं।अभिनेत्री कल्याणी प्रियदर्शन ने साल 2025 में सुपरहिट मलयालम फिल्म 'लोका चैप्टर 1: चंद्रा'में अपने अभिनय से काफी सुर्खियां बटोरीं।

फिल्म को क्रिटिक्स और दर्शकों दोनों ने ही पसंद किया था। 'लोका' की सफलता के बाद अब ऐसा लगता है कि कल्याणी बॉलीवुड में भी अपना डेब्यू करने जा रही हैं। इसके लिए वो काफी उत्साहित हैं। ऐसी चर्चाएं उठ रही हैं कि कल्याणी प्रियदर्शन जल्द ही बॉलीवुड में अपना डेब्यू कर सकती हैं। चर्चाएं ये भी हैं कि कल्याणी रणवीर सिंह की आगामी फिल्म 'प्रलय' से बॉलीवुड में कदम रखने वाली हैं। हालांकि, अभी तक इसकी कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। लेकिन, ये चर्चाएं तेज हुईं कल्याणी की एक इंस्टाग्राम स्टोरी के चलते। दरअसल, हाल ही में कल्याणी ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक तस्वीर साझा की और 'प्रलय' के निर्देशक जय मेहता को टैग किया। ये तस्वीर जोस सारामागो द्वारा लिखित उपन्यास 'ब्लाइंडनेस' की थी। इसे कल्याणी आजकल पढ़ रही हैं। कल्याणी ने इस गिफ्ट के लिए जय को धन्यवाद दिया। अपनी स्टोरी में जय को टैग करने के बाद से ही कल्याणी के बॉलीवुड डेब्यू की चर्चाएं तेज हो गई हैं। कल्याणी के नॉवेल 'ब्लाइंडनेस' की तस्वीर शेयर करने से उनके प्रलय में नजर आने की चर्चाएं इसलिए भी उठ रही हैं, क्योंकि इस किताब में हानि, दिशाहीनता और कमजोरी की एक इमोशनल कहानी है।



हॉलीवुड मसाला



# 170 से ज्यादा फिल्मों में किया काम

**लॉस एंजिल्स।** कोरियन सिनेमा को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने वाले दिग्गज अभिनेता अहन सुंग की का 74 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने महज एक बाल कलाकार के रूप में अभिनय की दुनिया में कदम रखा था और फिर धीरे-धीरे कोरियन सिनेमा के सबसे सम्मानित चेहरों में शुमार हो गए। करीब सात दशकों तक इंडस्ट्री में सक्रिय रहने वाले अहन ने 170 से ज्यादा फिल्मों में काम किया और हर पीढ़ी के दर्शकों के दिलों में अपनी अलग पहचान बनाई।



# विक्टोरिया की मौत के कारण का खुलासा!

**लॉस एंजिल्स।** नए साल के पहले ही दिन पूरा हॉलीवुड उस वक्त सकते में आ गया, जब स्टार आइकन और ऑस्कर अवॉर्ड जीत चुके टॉमी ली जोन्स के घर से बेहद बुरी खबर आई। पता चला कि 1 जनवरी को उनकी बेटी विक्टोरिया जोन्स की मौत हो गई। वह महज 34 साल की थीं। विक्टोरिया की लाश सैन फ्रांसिस्को के एक होटल के कमरे में मिली। पहले जहां के मौत का कारणों को लेकर कोई जानकारी नहीं आ रही थी, वहीं अब खबर है कि विक्टोरिया की मौत शायद ड्रग ओवरडोज से हुई है। यह बात उनकी मौत से जुड़े इमरजेंसी डिस्पैच ऑडियो से पता चलती है। एक मैगजीन का दावा है कि उसके पास डिस्पैच ऑडियो है, जिसमें 911 इमरजेंसी कॉल को 'ओवरडोज के लिए कोड 3' और 'रंग में बदलाव' के रूप में कटैगराइज किया गया है।



# दीपिका नए टैलेंट को देंगी पहचान...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने जन्मदिन के मौके पर अपने फैंस को एक रिटर्न गिफ्ट दिया है। उन्होंने नई क्रिएटिव जेनरेशन को आगे बढ़ाने के लिए एक नया प्रोग्राम लॉन्च किया है। दीपिका पादुकोण ने अपने जन्मदिन पर नए और युवा क्रिएटिव टैलेंट को आगे बढ़ाने के लिए एक पहल शुरू की है। सच्ची कहानियों और नए टैलेंट को आगे बढ़ाने की सोच के साथ दीपिका ने 'द ऑनसेट प्रोग्राम'की शुरुआत की घोषणा की है। यह उनके क्रिएट विद मी प्लेटफॉर्म का अगला कदम है। इसका मकसद ऐसे नए क्रिएटिव आर्टिस्ट्स को मौका देना है, जो इंडियन फिल्म, टीवी और विज्ञापन की दुनिया में अपना करियर बनाना चाहते हैं। उनके टैलेंट सही मायनों में सामने आ सके इसलिए यह प्लेटफॉर्म बनाया गया है।



# विनीत ने शुरू की नई फिल्म की शूटिंग

**मुंबई।** विनीत कुमार सिंह ने नए साल की शुरुआत नई ऊर्जा और नए प्लान के साथ की है। 2025 उनके लिए शानदार रहा, जिसमें एक के बाद एक हिट फिल्में आईं। इनमें उनकी बड़ी सफलता 'छावा' भी शामिल है। अब 2026 की शुरुआत उनके लिए और भी धमाकेदार हो रही है। उन्होंने अपने नए प्रोजेक्ट को लेकर सोशल मीडिया हैंडल पर पूजा मुहूर्त का वीडियो और तस्वीरें शेयर की हैं। विनीत ने शूटिंग के पहले दिन की कुछ तस्वीरें और वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किए। इनमें टीम पूजा करती दिख रही है और विक्रम सेट पर काम करते नजर आ रहे हैं। एक वीडियो में विनीत अपनी को-स्टार सैयामी खेर के साथ आरती करते दिखे। टीम के बाकी लोग पीछे खड़े नजर आ रहे हैं। एक और क्लिप में विनीत भावुक होकर विक्रम को गले लगाते नजर आए।

टीवी मसाला



# केबीसी के 17वें सीजन के खत्म होने पर अटका महसूस कर रहे बिग बी

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति का 17वां सीजन समाप्त हो चुका है। ऐसे में अमिताभ बच्चन को केबीसी के सेट की बहुत याद सता रही है। होस्ट अमिताभ बच्चन ने भावुक होकर सीजन को अलविदा तो कह दिया, लेकिन अब वह खुद को अटका हुआ महसूस कर रहे हैं। लोकप्रिय गेम शो केबीसी के सीजन 17 का ग्रैंड फिनाले 2 जनवरी को रात 9 बजे दिखाया गया। अब अपने ब्लॉग पर अमिताभ ने बताया कि सीजन खत्म होने के बाद उन्हें अटका हुआ सा महसूस हो रहा है। वे सामान्य कामकाज में वापस लौटने की कोशिश कर रहे हैं। अपनी ताजा पोस्ट में अमिताभ ने लिखा, 'सीजन खत्म हुए अभी कुछ ही दिन हुए हैं और दिन बहुत लंबे लग रहे हैं। काम की नैतिकता बनाए रखने का मन नहीं कर रहा। काम न करना एक गीले, बड़े बंजर इलाके में धीमी चाल चलने जैसा है।' उन्होंने आगे लिखा, 'इसमें अटक गया हूं... थके पैरों को बाहर निकालकर आगे बढ़ने की पूरी कोशिश करूंगा।' अमिताभ आखिरी बार फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' में दिखे थे। नाग अश्विन के निर्देशन में बनी इस साइंस फिक्शन फिल्म में प्रभास, दीपिका पादुकोण और कमल हासन भी थे। अमिताभ ने अश्वत्थामा का रोल निभाया, जिसे दर्शकों ने बहुत पसंद किया। 'कल्कि 2898 एडी' का दूसरा भाग भी आएगा, जिसमें बिग बी अश्वत्थामा के किरदार को दोहराएंगे।

## गौरव को अब तक नहीं मिली जीती हुई कार

**नई दिल्ली।** टेलीविजन के लोकप्रिय रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' के विजेता गौरव खन्ना अपने व्लॉग में जीत को लेकर बातचीत करते हुए नजर आ रहे हैं। शो खत्म हुए एक महीने से ज्यादा का वक्त बीत चुका है, लेकिन गौरव को अब तक वह कार नहीं मिली है, जो उन्हें विजेता बनने पर इनाम के तौर पर दी जानी थी। हाल ही में अपने एक व्लॉग के जरिए गौरव ने इस मुद्दे पर हल्के-फुल्के अंदाज में बात की। गौरव खन्ना ने यह खुलासा अपने यूट्यूब चैनल पर डाले गए व्लॉग में किया, जिसमें उनके साथ 'बिग बॉस 19' के को-कंटेस्टेंट प्रणित मोरे भी नजर आए। दोनों शो के अनुभवों को याद करते हुए डिनर पर बातचीत कर रहे थे। इस दौरान गौरव ने मजाकिया लहजे में कहा कि वह अब भी हाथों से खाना खा रहे हैं, जैसे उन्होंने घर के अंदर सीखा था, जबकि प्रणित चम्मच का इस्तेमाल कर रहे थे। इसी बातचीत के बीच कार का मुद्दा भी सामने आ गया। जब प्रणित ने हंसी-मजाक में गौरव से कहा कि अपनी जीती हुई कार भी उन्हें दे दें, तो इस पर गौरव ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया कि उन्हें खुद अभी तक वह कार नहीं मिली है।



# एक्शन-रोमांस से लेकर सस्पेंस-कॉमेडी तक इस हफ्ते ओटीटी पर आएगा एंटरटेनमेंट का सैलाब

**नई दिल्ली।** नए साल की शुरुआत ओटीटी दर्शकों के लिए बेहद खास रहने वाली है। इसी हफ्ते मच अवेटेड वेब सीरीज, रियलिटी शोज और फिल्में अलग-अलग प्लेटफॉर्म्स पर दस्तक देने को तैयार हैं। रोमांच से लेकर बिजनेस पिचिंग, जबरदस्त एक्शन, रोमांस, थ्रिलर और रियलिटी ड्रामा तक- हर तरह के कंटेंट से यह हफ्ता भरपूर रहने वाला है।

***मास्टरशेफ इंडिया सीजन 9*** : इस हफ्ते सबसे पहले दर्शकों को मास्टरशेफ इंडिया-हिंदी सीजन 9 देखने को मिलेगा। ये खाना बनाने का शो 5 जनवरी से सोनी लिव प्लेटफॉर्म पर शुरू गया है। यह कार्यक्रम सोनी टीवी चैनल पर भी उपलब्ध होगा और नए एपिसोड हर सोमवार से शुक्रवार रात 9 बजे दिखाई जाएंगे।

***शार्क टैंक इंडिया सीजन 5*** : 5 जनवरी को शार्क टैंक इंडिया सीजन 5 भी रिलीज हो गया है। यह कार्यक्रम सोनी लिव प्लेटफॉर्म पर दिख रहा है। इस सीजन भी पहले की ही तरह कई तरह की नए बिजनेस पिचेस को शार्क के सामने पेश किया जाएगा।



***अखंडा 2*** : तेलुगु भाषा की एक बड़ी फिल्म अखंडा 2, 9 जनवरी को नेटफ्लिक्स प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी। यह एक कल्पनात्मक और रोमांचक कथा है जिसमें दर्शकों को कथानक देखने को मिलेंगे। इस फिल्म में नंदमूरी बालकृष्ण कलाकार प्रमुख भूमिकाओं में हैं और यह पिछले भाग की कहानी को आगे बढ़ाएगी।

***दे दे प्यार दे 2*** : रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' भी 9 जनवरी को नेटफ्लिक्स पर जारी होगी। अजय देवगन और रकुल प्रीत सिंह की इस फिल्म को सिनेमाघरों में कुछ खास रिस्पॉन्स नहीं मिला था। अब देखने वाली बात ये होगी कि ये फिल्म ओटीटी पर क्या कमाल दिखाती है।

***मास्क*** : तमिल भाषा की मास्क नामक एक्शन और रहस्य से भरी फिल्म 9 जनवरी को जी5 प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी। यह फिल्म अपनी तेज रफ्तार कहानी और रोमांचक सीन के कारण दर्शकों के बीच उत्साह पैदा करेगी।

# नए साल पर छुट्टियां मनाकर लौटे

*मुंबई। बॉलीवुड के सबसे चर्चित और पसंदीदा कपल ऐश्वर्या राय बच्चन और अभिषेक बच्चन नए साल का जश्न मनाकर अब विदेश से भारत लौट चुके हैं। बेटी आराध्या के साथ एयरपोर्ट पर नजर आए ऐश्वर्या और अभिषेक की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं, जिनमें तीनों मुस्कराते हुए नजर आ रहे हैं। खास बात यह रही कि ऐश्वर्या ने फैंस और पैपराजी को नए साल की शुभकामनाएं देते हुए हाथ हिलाकर अभिवादन किया। इस छोटे से जेस्चर ने सोशल मीडिया पर फैंस का दिल जीत लिया। कई यूजर्स ने इसे परफेक्ट फैमिली मोमेंट'बताया तो कुछ ने कपल को नए साल की बधाई दी। हालांकि, कई बार ऐसी अफवाहें आईं कि ऐश्वर्या और अभिषेक एक-दूसरे से अलग हो रहे हैं, लेकिन समय-समय पर कपल ने सभी अफवाहों पर विराम लगा दिया। इस दौरान तीनों ब्लैक कलर के साथ ट्विनिंग करते हुए नजर आए। इससे पहले न्यूयॉर्क से भी ऐश्वर्या और अभिषेक की कुछ तस्वीरें सामने आई थीं, जिनमें दोनों कपल गोल्स देते हुए नजर आए थे। बिना किसी शोर-शराबे के परिवार के साथ समय बिताना हमेशा से इस कपल की प्राथमिकता रही है।*



## ऑल हर फॉल्ट की सारा स्नूक को लिमिटेड सीरीज में चुना गया बेस्ट एक्ट्रेस

# टिमोथी बने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता, 'वन बैटल आफ्टर अनदर' का फिल्मों में रहा दबदबा

*लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड के प्रतिष्ठित अवॉर्ड्स में से एक 31वें क्रिटिक्स चॉइस अवॉर्ड्स 2026 का आयोजन 5 जनवरी को किया गया। इस साल का समारोह कई मायनों में खास रहा, जहां फिल्मों के साथ-साथ वेब और टीवी सीरीज ने भी अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज कराई। अमेरिका के सांता मोनिका स्थित बार्कर हैंगर में आयोजित इस भव्य आयोजन में दुनियाभर के क्रिटिक्स द्वारा चुने गए बेहतरीन कलाकारों और क्रिएटर्स को सम्मानित किया गया।*

### 'वन बैटल आफ्टर अनदर' बनी बेस्ट फिल्म

इस साल की सबसे बड़ी विजेता बनकर उभरी 'वन बैटल आफ्टर अनदर', जिसने बेस्ट फिल्म का प्रतिष्ठित खिताब अपने नाम किया। इतना ही नहीं, फिल्म के निर्देशन के लिए मशहूर फिल्ममेकर पॉल थॉमस एंडरसन को भी सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का अवॉर्ड मिला। यह फिल्म अपनी दमदार कहानी, विजुअल ट्रीटमेंट और निर्देशन के चलते पहले से ही चर्चा में थी और अब अवॉर्ड्स में इसकी जीत ने इसे साल की सबसे प्रभावशाली फिल्मों में शामिल कर दिया है।

### जैकब बने सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता

एक्टिंग कैटेगरी की बात करें तो टिमोथी चालमेट ने फिल्म 'मार्टी सुप्रीम'के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीता, जबकि जैसी बकली को 'हैमनेट'में शानदार प्रदर्शन के लिए बेस्ट एक्ट्रेस चुना गया। सपोर्टिंग रोल्स में भी कड़ा मुकाबला देखने को मिला, जहां जैकब एलॉर्डी ने 'फ्रैंकनस्टीन' के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का अवॉर्ड अपने नाम किया, वहीं एमी मैडिगन को 'वेपन्स' के लिए बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का सम्मान मिला।



**द स्टूडियो को बेस्ट कॉमेडी सीरीज का खिताब** : कॉमेडी और ड्रामा सीरीज की कैटेगरी में भी कई चर्चित नामों ने बाजी मारी। द स्टूडियो को बेस्ट कॉमेडी सीरीज का खिताब मिला, जबकि जीन स्मार्ट, जैनेल जेम्स और आइक बारिनहोल्ट्ज ने अपने-अपने अभिनय के लिए अवॉर्ड जीते। ड्रामा सीरीज में द पिटके नोआ वाइल और कैथरीन ला नासा, सेवेरेंस के ट्रैमल टिलमैन और प्लूरिबस की रिया सीहॉर्न को सम्मानित किया गया।

**गोल्डन को बेस्ट सॉन्ग का अवॉर्ड** : एनीमेशन और म्यूजिक की दुनिया में 'के-पॉप डेमन हंटर्स'ने खास पहचान बनाई। फिल्म को बेस्ट एनिमेटेड फीचर और इसके गाने 'गोल्डन' को बेस्ट सॉन्ग का अवॉर्ड मिला। वहीं 'स्क्विड गेम' को बेस्ट फॉरेन लैंग्वेज सीरीज और 'द सीक्रेट एजेंट' को बेस्ट फॉरेन लैंग्वेज फिल्म चुना गया। इस बार का समारोह इसलिए भी खास रहा क्योंकि इसमें कई नई कैटेगरीज जोड़ी गईं, जिनमें कास्टिंग और एंसेंबल जैसी श्रेणियां शामिल हैं।

***एडोलसेंस सीरीज ने भी जीते कई अवॉर्ड्स*** : *टीवी और लिमिटेड सीरीज कैटेगरी में 'एडोलसेंस'का जलवा साफ नजर आया। इस सीरीज के कलाकारों ने लगभग हर प्रमुख अभिनय श्रेणी में जीत दर्ज की। स्टीफन ग्राहम को लिमिटेड सीरीज में बेस्ट एक्टर, ओवेन कूपर को बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर और एरिन डोहर्टी को बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला। वहीं 'ऑल हर फॉल्ट' की सारा स्नूक को लिमिटेड सीरीज में बेस्ट एक्ट्रेस चुना गया।*

### विजेताओं की लिस्ट

| | |
|---|---|
| सर्वश्रेष्ठ फिल्म | वन बैटल आफ्टर अनदर |
| सर्वश्रेष्ठ अभिनेता | टिमोथी चालमेट, 'मार्टी सुप्रीम' |
| सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री | जेसी बकली, 'हैमनेट' |
| सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता | जैकब एलोर्डी, फ्रैंकनस्टाइन |
| सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री | एमी मैडिगन, वेपन्स |
| सर्वश्रेष्ठ युवा अभिनेता या अभिनेत्री | माइल्स कैटन, सिनर्स |
| सर्वश्रेष्ठ निर्देशक | पॉल थॉमस एंडरसन, वन बैटल आफ्टर अनदर |
| सर्वश्रेष्ठ मौलिक पटकथा | रायन कूगलर, सिनर्स |
| सर्वश्रेष्ठ रूपांतरित पटकथा | पॉल थॉमस एंडरसन, वन बैटल आफ्टर अनदर |
| सर्वश्रेष्ठ कास्टिंग और एन्सेंबल | फ्रैंसिन मैसलर, सिनर्स |
| सर्वश्रेष्ठ छायांकन | एडोल्फो वेलोसो, ट्रेन ड्रीम्स |
| सर्वश्रेष्ठ प्रोडक्शन डिजाइन | फ्रैंकनस्टाइन |
| सर्वश्रेष्ठ संपादन | स्टीफन मिरियोन, एफ़ वनः द मूवी |
| सर्वश्रेष्ठ परिधान डिजाइन | फ्रैंकनस्टाइन |
| सर्वश्रेष्ठ हेयर और मेकअप | फ्रैंकनस्टाइन |
| सर्वश्रेष्ठ दृश्य प्रभाव | अवतारः फायर एंड ऐश |
| सर्वश्रेष्ठ स्टंट डिजाइन | मिशनः इम्पॉसिबल- द फाइनल रेकनिंग |
| सर्वश्रेष्ठ एनिमेटेड फीचर | के-पॉप डेमन हंटर्स |
| सर्वश्रेष्ठ कॉमेडी | द नेकेड गन |
| सर्वश्रेष्ठ विदेशी भाषा फिल्म | द सीक्रेट एजेंट |
| सर्वश्रेष्ठ गीत | गोल्डन, के-पॉप डेमन हंटर्स |
| सर्वश्रेष्ठ संगीत | लुडविग गोरान्सन, सिनर्स |

## खबर संक्षेप

### दमोह में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित 10 दिवसीय कार्यशाला में नगर से अर्चना शर्मा शामिल



**अकलतरा।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत विद्यालयी शिक्षा में " हस्त कौशल के समावेश द्वारा बच्चों के लिए शिक्षण प्रक्रिया को रोचक और सार्थक बनाने के उद्देश्य से सीसीआरटी सांस्कृतिक स्तोत्र एवं प्रशिक्षण केंद्र दमोह मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय स्तर पर 10 दिवसीय कार्यशाला 4 से 13 जनवरी तक आयोजित की जा रही है । जिसमें नगर के शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक शाला के राज्यपाल पुरस्कार विजेता शिक्षिका श्रीमती अर्चना शर्मा शामिल हैं। इस कार्यशाला के दौरान ऐतिहासिक महत्व के स्थान और संग्रहालय का संस्था की ओर से प्रतिभागियों को भ्रमण कराया जाएगा जहां प्रतिभागी शिक्षकगण भारत के समृद्ध कला एवं संस्कृति से रपरिचित होंगे। प्रशिक्षण कार्यशाला में विभिन्न दिवसों में विविध विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों को शिक्षा में कला के महत्व व देश के विभिन्न क्षेत्रों के कला और संस्कृति को समझने व सीखने और उनके संवर्धन की आवश्यकता पर जानकारियां प्रदान की जा रही है। सोशल मीडिया के इस युग में बच्चे हमारी संस्कृति एवं कला से दूर होते जा रहे हैं। इस प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षकों को बच्चों तक भारत के सांस्कृतिक विरासत की समझ विकसित करने व उनमें कलाओं के प्रति रूचि जागृत करने में सहायक होंगी। कार्यशाला में चार राज्यों जिसमें छत्तीसगढ़, सिक्किम ,राजस्थान और कश्मीर के 32 प्रतिभागी शामिल हुए हैं। कार्यशाला के दौरान ये सभी प्रतिभागी एक दूसरे के संस्कृति सभ्यता कला की समझ स्थापित कर रहे है एवं अपने क्षेत्रीय भाषाओं का आदान-प्रदान कर रहे हैं।

### अंतर विद्यालयीन खो-खो प्रतियोगिता में धाराशिव रोगदा की टीम विजयी



**जांजगीर-चांपा।** शासकीय उच्तर माध्यमिक धारशिव (रोगदा) में अंतर विद्यालयिन बालिका खो खो प्रतियोगिता का आयोजन 5 जनवरी को किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 8 विद्यालय के खिलाडियों ने भाग लिया। फाइनल मैच शा. उ. मा. वि. धारशिव रोगदा एवं शा. पूर्व. मा. शाला, धाराशिव के मध्य खेल गया। जिसमे शा. उ. मा. वि. धारशिव रोगदा की टीम विजेता रही। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप मे नरेन्द्र कौशिक जिलाध्यक्ष भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा रहें। श्री कौशिक ने विद्यार्थी जीवन में खिलाड़ियों के शारीरिक मानसिक बौद्धिक विकास पर जोर देते हुये खेल को हमेशा खिलाडी भावना से खेलते हुये अपनी प्रतिभा को सर्वोच्च स्तर पर स्थापित करने की बात कही। कार्यक्रम में विजेता टीम को 3 हजार रुपये नगद राशि एवं विजेता ट्रॉफी प्रदान की गयी वही दूसरी ओर उपविजेता टीम को 2 हजार रुपए राशि एवं उपविजेता ट्रॉफी प्रदान की गयी। बेस्ट रनर, बेस्ट चेसर एवं सर्वश्रेष्ठ खिलाडी के रूप मे 200/-,200/- एवं 500/- के साथ स्मृति चिन्ह प्रदान की गयी। अन्य सभी प्रतिभागी टीमो को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। खेल प्रतियोगिता को सुचारु रूप से संपन्न करवाने के लिए आये सभी रेफरीयो को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

## निधन

### वेद प्रकाश सिदार



**अकलतरा।** ग्राम किरारी के प्रतिष्ठित नागरिक, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पौना के शिक्षक व संकुल केंद्र तागा के संकुल समन्वयक वेद प्रकाश सिदार का 50 वर्ष की उम्र में आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे एक पुत्र एवं एक पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए। उनका अंतिम संस्कार ग्राम किरारी के मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में परिजन एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

30 से 35 गांवों के लोग आते हैं उपचार कराने

# 30 वर्ष पहले बना सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन जर्जर

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरौद

नगर पंचायत खरौद का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन जर्जर हो गया है। बारिश होने पर यहां छत से पानी टपकता है। इसके चलते यहां रखे उपकरण खराब हो रहे है। सीएचसी में उपचार कराने क्षेत्र के बड़ी संख्या में पहुंचते है। इस भवन को बने लगभग 30 वर्ष पूरे हो गए है। ऐसे में यहां चिकित्सकों के साथ आने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

गौरतलब है कि नगर पंचायत खरौद में मध्यप्रदेश शासन काल के तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष 1986 में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का शुभारंभ किया गया था। वर्तमान में भवन को 30 वर्ष पूर्ण हो गया हैं। अस्पताल भवन क्षतिग्रस्त व जर्जर हो चुका है। छत से पानी का रिसाव हो रहा हैं। अस्पताल के संसाधन व मशीन खराब हो रहा हैं। मरीजों व स्टॉफ की बैठने की व्यवस्था नही हो रहा हैं। 30 से 35 गांवों की जनता का इस अस्पताल में आना जाना लगा रहता हैं। नगरवासियों का कहना है कि सर्वसुविधायुक्त नई बिल्डिंग बन जाने से यहां उपचार कराने आने वाले लोगों के साथ चिकित्सा स्टाफ को सुविधा मिलेगी।



अधिकारी को ज्ञापन सौंपते नगरवासी।

### सर्वसुविधायुक्त नई बिल्डिंग की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

नगर में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के सर्वसुविधायुक्त नए बिल्डिंग की मांग को लेकर कलेक्टोरेट में जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में अपर कलेक्टर ज्ञानेंद्र सिंह ठाकुर एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अनुपस्थिति में उप मुख्य अधिकारी के हाथों आवेदन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने वालों में धनंजय रात्रे, भवानीशंकर साहू, साहेब साहू, जयंत साहू, रमेश तिवारी, भास्कर यादव, संजय रोहिदास, राकेश, उत्तरा कुमार, राजकुमार रोहिदास, परमानंद रोहिदास, भारती नोनिया, भूपेंद्र सिंह, रुद्र सिंह, नंदराम साहू, गणपति रात्रे, भरत लाल, अमृत रात्रे, अजय कुमार, कृष्णा रात्रे, हेमलता देवांगन, मीना देवांगन, जवाहर देवांगन, किशोर कर्ष, दीपशिखा, गीतांजली यादव, विजय यादव, सहित अन्य लोग शामिल रहे। अपर कलेक्टर ज्ञानेंद्र सिंह ठाकुर ने कलेक्टर के समक्ष बात रखने एवं मांग पर गंभीरता लेते हुए अन्य हॉस्पिटल की जानकारी दी। उन्होंने पामगढ़ में नई बिल्डिंग प्रारम्भ होने और अकलतरा में मांग पर 3 करोड़ की राशि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकलतरा में स्वीकृति की जानकारी दी। खरौद में हॉस्पिटल को जल्द ही स्वीकृत करने पर विशेष रूप से कलेक्टर के समक्ष बात रखने का आश्वासन दिया।

### विधायक के प्रयास से बनेगी पक्की सड़क

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर-चांपा विधायक ब्यास कश्यप के प्रयास से तेंदूभाठा, सरखों से पाली राखड़ डेम तक पक्की सड़क बनेगी। विधायक ब्यास कश्यप ने बताया कि अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत संयंत्र के सी.एस.आर. मद से उक्त सड़क निर्माण के लिए सीएसईबी के चेयरमेन रोहित यादव को समक्ष भेंट कर ज्ञापन सौंपा गया था। अधिकारी के द्वारा तुरंत संज्ञान लेते हुए इसकी स्वीकृति की सहमति दी गई थी। ग्राम तेंदूभाठा से सरखों होते हुए पाली राखड़ डेम तक 5 किमी. लंबी एवं 3.75 कि.मी. चैड़ी इस सड़क के निर्माण के लिए 2 करोड़ 73 लाख रूपये की राशि स्वीकृत की गई है। इस सड़क के निर्माण से क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी सुविधा होगी। आपको बता दें कि यह लंबे समय से स्थानीय ग्रामीणों की मांग रही है। खराब और जर्जर मार्ग होने के कारण आएदिन दुर्घटना की आशंका रहती थी जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। अब विधायक ब्यास कश्यप के प्रयास से मार्ग सुगम होगा और स्थानीय लोगों को इसका लाभ मिलेगा। आवागमन के साथ ही साथ इससे ग्रामीण विकास को भी गति मिलेगा। बहुप्रतिक्षित सड़क निर्माण की स्वीकृति मिलने से क्षेत्रवासियों में हर्ष है तथा उन्होंने लोकप्रिय विधायक ब्यास कश्यप के प्रति आभार प्रकट किया है।



उपस्थित लोगों को यातायात नियमों की जानकारी देते थाना प्रभारी।

# दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

- संजय नगर में यातायात जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिर्रा के संजय नगर के खेल मैदान में मंगलवार 6 जनवरी को अपरान्ह 3 बजे यातायात जन जागरूकता कार्यक्रम पुलिस थाना बिर्रा के थाना प्रभारी निरीक्षक जयकुमार साहू के द्वारा आयोजित किया गया। यातायात जन जागरूकता कार्यक्रम के तहत नवययुवकों को यातायात नियमों के संबंध में शासन से प्राप्त दिशा निर्देश बताकर एवं समझा कर थाना प्रभारी के द्वारा जागरूक किया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक जय कुमार साहू ने यहां पर उपस्थित लोगों से अपील करते हुए बताया कि तीन सवारी मोटरसाइकिल वाहन नहीं चलाना है। बिना लाइसेंस के कोई भी गाड़ी नहीं चलाना है अर्थात लाइसेंस की अनिवार्यता सभी वाहन में बहुत जरूरी है। दो पहिया वाहन चलाने वाले को हेलमेट की अनिवार्यता बहुत जरूरी है। मोटरसाइकिल चलाने वाले वाहन चालकों को दुर्घटना के समय सिर पर चोट लगने से हेलमेट बचाता है और जान जाने की संभावना बिल्कुल कम हो जाती है। पैदल चलने के दौरान भी सभी राहगीरों को सड़क छोड़कर नियमानुसार यातायात के नियमों का पालन करते हुए चलना चाहिए। इसके साथ ही हम सभी को वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग नहीं करना चाहिए । शराब पीकर वाहन नहीं चलाना है। माल वाहक गाड़ी अर्थात सामान ढोने वाले जैसे पिकअप ,डग्गा, ट्रैक्टर आदि वाहनों में सवारी के रूप में नहीं बैठना और न ही मालवाहक में सवारी बैठना चाहिए। इस अवसर पर नागरिक गण के अलावा युवा साथी बड़ी संख्या में उपस्थित है।

## जनता और पुलिस के सहयोग से बेहतर कानून-व्यवस्था संभव : श्रीवास्तव

**शिवरीनारायण।** शिवरीनारायण थाना में नव पदस्थ थाना प्रभारी राजीव श्रीवास्तव का स्थानीय एवं श्रेत्रीय नागरिकों द्वारा बुके भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। सभी ने नव नियुक्त थाना प्रभारी को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं और क्षेत्र में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने की अपेक्षा जताई। स्वागत कार्यक्रम के दौरान दीपक मनहर द्वारा थाना प्रभारी श्री श्रीवास्तव से क्षेत्र से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। चर्चा में मुख्य रूप से क्षेत्र में शांति व्यवस्था, यातायात नियंत्रण, अपराधों की रोकथाम, महिलाओं एवं बुजुर्गों की सुरक्षा तथा आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान जैसे विषय शामिल रहे। दीपक मनहर ने कहा कि शिवरीनारायण एक धार्मिक एवं ऐतिहासिक नगरी है,जहां श्रद्धालुओं और आमजन की सुरक्षा सर्वोपरि है। ऐसे में बेहतर पुलिसिंग व्यवस्था की आवश्यकता है। उन्होंने क्षेत्र में नियमित गश्त बढ़ाने,असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने तथा आम नागरिकों के साथ पुलिस का संवाद मजबूत करने की मांग रखी। साथ ही त्योहारों और विशेष अवसरों पर अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। इस पर थाना प्रभारी राजीव श्रीवास्तव ने कहा कि जनता और पुलिस के सहयोग से ही बेहतर कानून-व्यवस्था संभव है। उन्होंने आश्वासन दिया कि क्षेत्र में निष्पक्ष, पारदर्शी और संवेदनशील पुलिसिंग को प्राथमिकता दी जाएगी। आम नागरिकों की शिकायतों का समयबद्ध निराकरण किया जाएगा और अपराध नियंत्रण के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे। इस दौरान सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस बीच दीपक मनहर, जगमोहन खांडे,रामकुमार रोहिदास छोटे लाल यादव,सुरेश कुमार साहू,उदित नारायण साहू,सलीम कुम्हार मौजूद रहे।



## भवन बनने से सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को मिलेगी नई गति

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

- परसदा में नेता प्रतिपक्ष ने किया हरदिया मरार पटेल भवन का लोकार्पण

छग विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरण दास महंत ने 10 लाख रुपए की लागत से निर्मित परसदा में हरदिया मरार पटेल भवन का लोकार्पण किया। अतिथियों द्वारा मां शाकंभरी की पूजा अर्चना कर नवनिर्मित भवन का फीता काट कर लोकार्पण किया।

अपने उद्बोधन में डॉ. महंत ने कहा कि भवन बनने से पटेल समाज की सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। माता शाकंभरी, अन्न, प्रकृति और करुणा की प्रतीक है। आप लोग सब्जी भाजी उगाकर जीवन यापन करते हैं। सभी के सब्जी भाजी के अच्छे दाम मिल सके इसके लिए आप स्टोरेज के स्थापना के लिए जगह चिन्हित करे ताकि भवन का निर्माण कराया जा सके। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल में रोजगार दिलाने के लिए मनरेगा में महिला पुरुष को कार्य दिया जा रहा था और भुगतान सही समय पर हो पा रहा था परंतु भाजपा के शासनकाल आते ही मनरेगा का भुगतान नहीं हो रहा है और जी राम जी योजना लाकर जो केंद्र से अधिक राशि प्राप्त होती थी जिसे घटाकर राज्य शासन पर बोझ दे दिया गया है। छत्तीसगढ़ शासन के पास पैसा नहीं होने के कारण मनरेगा का काम भी प्रभावित हो रहा है। विकास दो वर्षों से मनरेगा में हुए कार्यों का भुगतान नहीं हो पा रहा है और कार्य करने वाले सरपंच जनप्रतिनिधि कर्ज के बोझ तले दबे हुए हैं। लोकार्पण के अवसर पर विधायक प्रतिनिधि गुलजार सिंह ठाकुर, नरेश गेवाडीन, गिरधर जायसवाल, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रश्मि गभेल, कांग्रेस सेवा दल अध्यक्ष प्यारेलाल पटेल, सरपंच श्रीमती सरस्वती बाई पटेल, अमित राठौर, रूप नारायण साहू, गुरु अग्रवाल, बलराम महाराज, साधेश्वर गबेल, प्रेमलाल पटेल, शोभाराम पटेल, धनेश्वर प्रसाद



लोकार्पण अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत।

## राज्य स्तरीय यूसीमास कॉम्पिटिशन के जेड-3 कैटेगरी में योगिता को मिली 'चैंपियन ट्रॉफी'

**जांजगीर-चाम्पा।** रायपुर में आयोजित 12वां राज्य स्तरीय यूसीमास कॉम्पिटिशन के जेड-3 कैटेगरी में जांजगीर की योगिता साहू को 'चैंपियन ट्रॉफी' मिली है। इस उपलब्धि के साथ योगिता ने परिवार का मान बढ़ाया है। योगिता जांजगीर के यूसीमास सेंटर की ओर से प्रतियोगिता में शामिल हुई और जांजगीर-चाम्पा जिले का मान बढ़ाया है। छात्रा योगिता पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में 8वीं की छात्रा है और पत्रकार राजकुमार साहू, गृहिणी सावित्री साहू की सुपुत्री है। आपको बता दें रायपुर में आयोजित 12वां राज्य स्तरीय यूसीमास कॉम्पिटिशन में प्रदेश भर से 1 हजार और जांजगीर-चाम्पा जिले से 115 छात्र-छात्रा शामिल हुए। इन छात्र-छात्राओं को केवल 8 मिनट में गणित के 200 सवाल हल करने थे। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में यूसीमास जांजगीर सेंटर की छात्रा योगिता साहू को जेड-3 कैटेगरी में 'चैंपियन ट्रॉफी' मिली है। इस उपलब्धि पर परिजन और यूसीमास सेंटर के संचालक सन्तोष धामेचा ने प्रसन्नता जाहिर की है।



## डांस प्रतियोगिता में प्रतिमा ग्रुप दुर्ग भिलाई प्रथम

**खरौद।** ग्राम पंचायत रिगनी में नववर्ष एवं छेरछेरा पर्व के अवसर पर आयोजित डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। "जरा नच के दिखा" डांस प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों से आए प्रतिभागियों ने शानदार प्रस्तुतियां दीं।

समूह नृत्य प्रतियोगिता में प्रतिमा डांस ग्रुप, दुर्ग-भिलाई ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया, जिसे 10 हजार रुपये की नगद राशि से सम्मानित किया गया। द्वितीय पुरस्कार सरारा डांस ग्रुप भटगांव को 7 हजार रुपये, तृतीय पुरस्कार सांवरिया डांस ग्रुप, सलखन को 4 हजार रुपये,चतुर्थ पुरस्कार जय मां बमलेश्वरी डांस ग्रुप को 2 हजार रुपये,पंचम पुरस्कार मोहनी डांस ग्रुप, चंद्रपुर को तथाषष्ठ पुरस्कार मन के मित को 1 हजार रुपये प्रदान किए गए। एकल व युगल नृत्य प्रतियोगिता मेंप्रथम पुरस्कार साधना सरगम युगल को 3 हजार रुपये,द्वितीय पुरस्कार मलिका (एकल), रायगढ़ को 2 हजार रुपये, तृतीय पुरस्कार सरस्वती (एकल), चंद्रपुर को 1500 रुपये,चतुर्थ पुरस्कार सुरमा युगल को 1 हजार रुपये, पंचम पुरस्कार आत्माराम साहू को 700 रुपये देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नेहा रामचरण साहू जिला पंचायत सदस्य रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में शांति घासीराम कश्यप उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत नवागढ़ एवं दिनेश साहू जनपद सभापति, नवागढ़ उपस्थित रहे। अति विशिष्ट अतिथि में नरेंद्र कौशिक जिला अध्यक्ष, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा, सुरेश कश्यप, अखिलेश भीष्म जनपद सभापति एवं हेमप्रसाद भारद्वाज सरपंच ग्राम पंचायत बेल्हा शामिल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हेमंत जांगड़े सरपंच, ग्राम पंचायत रिगनी ने की। आयोजन समिति के अध्यक्ष मेलाराम कश्यप, उपाध्यक्ष सोमनाथ कश्यप, कोषाध्यक्ष विजय कश्यप, सचिव महेन्द्र कश्यप गोरे तथा सह-सचिव सुनील कश्यप एवं अटल कश्यप रहे।




विजेता प्रतिभागी को पुरस्कृत करते अतिथि।

## ईश्वर की प्राप्ति के लिए परीक्षा नहीं बल्कि प्रतीक्षा की आवश्यकता : दिव्यांशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ तनौद

ग्राम पंचायत खोरसी में आयोजित संगीतमय श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ के द्वितीय दिवस कथा व्यास दिव्यांशी श्रीधाम वृंदावन ने उपस्थित भक्त जनों को श्रीराम कथा सुनाई।

उन्होंने सुनाते हुए कहा कि ईश्वर की प्राप्ति के लिए परीक्षा की नहीं बल्कि प्रतिक्षा की आवश्यकता होती है। दीदी दिव्यांशी ने कथा के माध्यम से कहा कि एक बार त्रेतायुग में भगवान शंकर और माता सती दोनों ऋषि कुंभज मुनि के आश्रम गये और उन दोनों ऋषि कुंभज मुनि से सारी कथाएं सुनकर जब वापस आए तब माता सती ने भगवान शंकर से पूछा कि हे प्रभु सभी देवताओं के द्वारा आपकी पूजा की जाती इसलिए आपको महादेव के नाम से भी पुकारा जाता है लेकिन आप किस देवता की पूजा करते हैं क्या आपसे भी कोई और बड़ा देवता हैं जिसकी आप पूजा करते हैं तब भगवान शंकर ने माता सती से कहा कि भगवान श्रीराम जी मेरे आराध्य देव जिनकी पूजा मैं रोज सुबह शाम पूजा अर्चना करता हूं । भगवान शंकर के द्वारा इस प्रकार कहने पर माता सती भगवान श्रीराम की परीक्षा लेने के लिए माता सीता का रुप धारण कर वन में जहां भगवान श्रीराम माता सीता का पता लगाने के लिए रास्ते में भटक रहे थे, उसी दौरान माता सती श्रीराम के आगे आगे चल रही थी। वह सोच रही थी कि भगवान मुझे पहचान पाते हैं या नहीं, जैसे ही माता सती भगवान श्रीराम के आगे चल रही थी तब श्रीराम ने समझ लिया कि वह कोई सीता नहीं है बल्कि यह माता सती है। वह माता सती को प्रणाम करके कहा कि माता आप अकेले ही आए या भोलेशंकर भी साथ में आए हैं और मैं यह भी जानता हूं आप सीता नहीं बल्कि माता सती हो आप मेरे परीक्षा लेने आई हो। भगवान श्रीराम की बात सुनकर माता सती उनके चरणों में गिरकर क्षमा याचना किया। कथा श्रवण करने लेखनहार गायग्वाल, दिनेश साहू, फेंकू पटेल, हिराधर गायग्वाल, मंगल राम, भगेसर सिदार, कौशल साहू,बोधीराम निर्मलकर, डोलसिंग पटेल, अश्विनी कुमार साहू आदि उपस्थित रहे हैं।




उपस्थित श्रद्धालुओं को कथा सुनाती दिव्याशी।

# जेठा मैदान में आयोजित होगा गणतंत्र दिवस समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

- कलेक्टर ने विभिन्न विभाग के अधिकरियों को दिए आवश्यक निर्देश

कलेक्ट्रेट कार्यालय सभाकक्ष में कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने मंगलवार को साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभाग अंतर्गत चल रहे विभागीय कामकाज की समीक्षा की। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर श्री अमृत विकास तोपनो ने आगामी गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति जिला मुख्यालय के कॉलेज मैदान जेठा में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह को गरिमामय, सुव्यवस्थित एवं भव्य रूप से आयोजित करने के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने मुख्य मंच की सजावट, ध्वजारोहण, हर्ष फायर, परेड रिहर्सल, सांस्कृतिक कार्यक्रम, बैठक व्यवस्था, निर्बाध विद्युत व्यवस्था, आमंत्रण पत्र, पेयजल व्यवस्था, गुब्बारों की सजावट, आकर्षक झांकियां, पुरस्कार वितरण, प्राथमिक उपचार व्यवस्था तथा पार्किंग व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक तैयारियों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किए। इसके साथ ही बैठक में कलेक्टर द्वारा जिला अंतर्गत विभिन्न विभागों के विभागीय कार्यों तथा प्रगतिरत विभिन्न निर्माण कार्यों सहित अन्य आवश्यक कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई तथा आवश्यक निर्देश दिए गए। समय सीमा की बैठक मे कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के लिए आमजन को जागरूक करने और फाइलेरिया के रोकथाम के लिए सभी वर्ग को सुव्यवस्थित ढंग से फाइलेरिया रोकथाम की दवा दिलाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों को ई-ऑफिस प्रणाली एवं आधार इनेबल बायोमैट्रिक अटेंडेंस सिस्टम पर कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने कई विभागों के इनऑपरेटिव एवं डिफ गवर्नमेंट बैंक अकाउंट्स को ऑपरेटिव कराए जाने के अद्यतन स्थिति की जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि धान खरीदी का कार्य 31 जनवरी तक होना है। उन्होंने कहा कि अब धान खरीदी के कार्य का यह अंतिम माह है इसलिए सभी संबंधित अधिकारी कर्मचारी पूरी सजगता से सतर्क रहकर कार्य करे। कलेक्टर ने कहा कि अंतिम समय में जितने भी किसान धान विक्रय नहीं कर पाते है। उन सभी के धान खरीदी केंद्र आने पर ज्यादा भीड़ आने की संभावना होती है।



बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर।




